सीसीटीएनएस /E-Mail

# मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

चतुर्थ तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग लखनऊ -226016

पत्रांक-टीएस- सीसीटीएनएस-87/2014 दिनांक:जून 19 ,2014

सेवा में,

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक /
पुलिस अधीक्षक,
उत्तर प्रदेश।

जैसा कि आप अवगत हैं कि सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत प्रयोग हो रहे कोर एप्लीकेशन साफ्टवेयर से प्रिन्ट आउट निकालकर एफ0आई0आर0 इत्यादि की प्रति शिकायत कर्ता एवं न्यायालय में प्रदान किये जाने की कार्यवाही करने हेतु इस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांकित: 12-05-2014 के द्वारा निर्देशित किया गया है।

2— *ज्ञात हुआ है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद वाराणसी एवं नोडल अधिकारी वाराणसी के सतत प्रयास जनपद वाराणसी के थाना शिवपुर में दिनांक: 18-06-2014 को आन लाइन प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज हुई है और उसकी प्रति आम जनता को दी गई, जिसके लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी जनपद वाराणसी की भूरि-भूरि प्रशंसा की जाती है और यह अपेक्षा की जाती है कि थाना स्तर पर कार्य करने वाले कार्मिकों को उत्साह बर्धन हेतु नकद पुरस्कार से पुरस्कृत करें।*

3— इस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांकित: 12-05-2014 के दृष्टिगत आप से भी अपेक्षा की जाती है कि आप भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद वाराणसी की भांति रूचि लेकर योजना को सफल बनाने में योगदान करने का कष्ट करें। इस योजना के प्रभावी होने से पुलिस की कार्य प्रणाली में और अधिक सुधार होगा।

(आर0के0विश्वकर्मा) 19/6/14
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें,उ0प्र0,
लखनऊ।